Learnosphere

# हिंदी (आधार) विषय कोड – (302)

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र*

## कक्षा – बारहवीं (2025-26)

**निर्धारित समय: 03 घंटे** **अधिकतम अंक : 80 अंक**

**सामान्य निर्देश :-**

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-
- यह प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है।
- खंड - क में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड - ख में पाठ्यपुस्तक अभिव्यक्ति और माध्यम से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- खंड - ग में पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| प्रश्न संख्या | खंड - क (अपठित बोध) | अंक (18) |
|---|---|---|
| | | |
| 1. | **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** | (10) |
| | मिट्टी का जो अर्थ पृथ्वी के लिए है, वही शिक्षकों का समाज के लिए है। जैसे मिट्टी पृथ्वी को बनाती है, शिक्षक वह आधार है, जिससे मानव पीढ़ी-दर-पीढ़ी हर प्रकार से सहायता पाता है तथा ज्ञान अर्जित कर काम करता है। जैसे मिट्टी बीज को संरक्षण देती है और पौधे की जड़ों की भौतिक रूप से मदद करती है कि वे उपजे बढ़ें, पूर्णतः विकसित होकर बीज बनाएँ और जीवन चक्र पूरा करें, वैसे ही शिक्षक युवा मन को तैयार करते हैं, मार्गदर्शन करते हैं कि वे सफल हों और विकास का केंद्र बनें। जैसे मिट्टी में सही अनुपात में तत्त्व उपलब्ध होते हैं और जो पौधे उसमें उग रहे हैं, मिट्टी उन्हें पोषक तत्त्व उपलब्ध कराती है, शिक्षक अपने अंदर | |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

www.learnosphere.in

| | | |
|---|---|---|
| | परंपराओं को संजोते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों के आवेग को समेटते हैं और जो नौजवान विद्यार्थी शैतान होते हैं, उन्हें रास्ते पर लाते हैं। शिक्षक संस्कृति को सँभालते है और उसे बेहतर बनाते हैं। अंत में, जैसे मिट्टी मनुष्यों के साथ-साथ सभी जीवों को, जो पृथ्वी के ऊपर और अंदर हैं, आधार उपलब्ध कराती है वैसे ही शिक्षकों पर ही 'समाज' की इमारत खड़ी होती है।<br><br>पृथ्वी को वास्तविकता का प्रतीक माना जाता है। अपने वृहद् रूप में 'वास्तविकता' में सबकुछ सम्मिलित होता है, जैसे कि वह देखा या महसूस किया जा सकता है, उसे समझा जा सकता है, वह वैज्ञानिक- दार्शनिक या अन्य किसी प्रक्रिया से विश्लेषण करने पर तर्क की कसौटी पर सही नहीं बैठता।<br><br>***(स्रोत - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, पुस्तक-विजयी भव, से साभार)*** | |
| (क) | शिक्षक और समाज किसके प्रतीक हैं :-<br>**i.** बीज और पौधे<br>**ii.** मिट्टी और धरती<br>**iii.** मिट्टी और पोषक तत्त्व<br>**iv.** धरती और पौधों के | 1 |
| (ख) | शिक्षक विद्यार्थियों के आवेग को समेटते हैं और जो नौजवान विद्यार्थी शैतान होते हैं, उन्हें रास्ते पर लाते हैं। इस पंक्ति से हमें पता चलता है कि शिक्षकों को:-<br>**i.** सारा ज्ञान प्राप्त है।<br>**ii.** समाज की इमारत खड़ी करनी है।<br>**iii.** मानव पीढ़ी की सहायता करनी होती है।<br>**iv.** बाल मनोविज्ञान की समझ होती है। | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -<br>कथन (I) : शिक्षक युवा मन को पहचानते हैं।<br>कथन (II) : शिक्षक मिट्टी की भाँति संरक्षक की भूमिका निभाते हैं।<br>कथन (III) : शिक्षक संस्कृति के संचार के वाहक होते हैं।<br>कथन (IV) : शिक्षक पृथ्वी जैसा भार ढोते हैं।<br>गद्यांश के अनुसार कौन - सा/ से कथन सही हैं ?<br>**i.** केवल कथन (I) और (II) सही हैं। | 1 |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

| | | |
|---|---|---|
| | **ii.** केवल कथन (II) सही है।<br>**iii.** केवल कथन (I), (II) और (III) सही हैं।<br>**iv.** केवल कथन (III) और (IV) सही हैं। | |
| (घ) | समाज की इमारत से लेखक का क्या अभिप्राय है? | 1 |
| (ङ) | शिक्षक को समाज का आधार क्यों माना गया है? | 2 |
| (च) | शिक्षक संरक्षक की भूमिका का निर्वहन कैसे करता है? | 2 |
| (छ) | मिट्टी की पौधे के लिए क्या भूमिका है? शिक्षक से इसे कैसे जोड़ा गया है? | 2 |
| | | |
| **2.** | **दिए गए पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** | **(08)** |
| | ऊँचे पहाड़ पर, पेड़ नहीं लगते,<br>पौधे नहीं उगते, न घास ही जमती है।<br>ऐसी ऊँचाई,<br>जिसका परस, पानी को पत्थर कर दे,<br>ऐसी ऊँचाई, जिसका दरस हीन भाव भर दे,<br>अभिनंदन की अधिकारी है,<br><br>आरोहियों के लिए आमंत्रण है,<br>उस पर झंडे गाड़े जा सकते हैं,<br>सच्चाई यह है कि<br>केवल ऊँचाई ही काफ़ी नहीं होती,<br>सबसे अलग-थलग, परिवेश से पृथक,<br>अपनों से कटा-बँटा,<br>शून्य में अकेला खड़ा होना,<br>पहाड़ की महानता नहीं, मजबूरी है।<br>जो जितना ऊँचा, उतना एकाकी होता है,<br>हर भार को स्वयं ढोता है, चेहरे पर मुस्कानें चिपका,<br>मन ही मन रोता है।<br>***(स्रोत:- कविता –ऊँचाई, कवि-अटल बिहारी वाजपेयी)*** | |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कविता में पहाड़ शब्द किसकी ओर संकेत कर रहा है?<br>**i.** विद्वान<br>**ii.** बड़े लोग<br>**iii.** नायक<br>**iv.** धनी | 1 |
| (ख) | कवि के अनुसार पहाड़ की मजबूरी का निहितार्थ क्या है?<br>**i.** अत्यधिक ऊँचा होने से अकेले रह जाना<br>**ii.** बड़े लोग अपने गुणों के कारण अकेले रह जाते हैं<br>**iii.** ऊँचाई – निचाई के अंतर के कारण अकेले न रह पाना<br>**iv.** अपनी पहचान बनाने की मज़बूरी में अकेले रहना | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित में से कविता का मर्म क्या हो सकता है?<br>**i.** पहाड़ की महानता स्थापित करना<br>**ii.** पर्वतों के सौंदर्य को उकेरना<br>**iii.** मानव के एकाकी होने के कारण का विश्लेषण<br>**iv.** मनुष्य के प्रकृति प्रेम की भावाभिव्यक्ति | 1 |
| (घ) | कवि के अनुसार आरोहियों के लिए क्या आमंत्रण है? | 1 |
| (ङ) | पहाड़ अभिनंदन का अधिकारी क्यों है? | 2 |
| (च) | कवि के अनुसार – 'जिसका दरस हीन भाव भर दे' से क्या तात्पर्य है? | 2 |
| | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड – ख (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)** | **अंक (22)** |
| **3.** | निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :-<br>• झरोखे से बाहर<br>• दीया और तूफ़ान<br>• एक कामकाजी महिला की शाम | **01x06=06** |
| **4.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **चार** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **04x02 = 08** |
| (क) | डेडलाइन से क्या अभिप्राय है तथा यह क्यों आवश्यक होती है? | 2 |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | रेडियो समाचार की भाषा के विषय में अपने विचार व्यक्त करें। | 2 |
| (ग) | संपादकीय लेखन से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| (घ) | फीचर क्या है? | 2 |
| (ङ) | बीट किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| **5.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 80 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **02x04 = 08** |
| (क) | नाटक और कहानी में क्या अंतर है ? कहानी की तुलना में नाटक को लंबे समय तक लोग क्यों याद रखते हैं ? | 4 |
| (ख) | रेडियो नाटक में संवाद की क्या विशेषताएँ हैं? | 4 |
| (ग) | अप्रत्याशित विषयों को लेख का नाम क्यों दिया जाता है? | 4 |
| | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड - ग (पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **अंक (40)** |
| **6.** | **निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :-** | **05x01=05** |
| | छोटा मेरा खेत चौकोना<br>कागज़ का एक पन्ना,<br>कोई अंधड़ कहीं से आया<br>क्षण का बीज वहाँ बोया गया ।<br>कल्पना के रसायनों को पी<br>बीज गल गया नि:शेष;<br>शब्द के अंकुर फूटे,<br>पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।<br>झूमने लगे फल,<br>रस अलौकिक,<br>अमृत धाराएँ फुटतीं | |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

LS

| | | |
|---|---|---|
| | रोपाई क्षण की,<br>कटाई अनंतता की<br>लुटते रहने से ज़रा भी नहीं कम होती।<br>रस का अक्षय पात्र सदा का<br>छोटा मेरा खेत चौकोना | |
| (क) | कवि के अनुसार कागज़ का पन्ना किसका प्रतीक है?<br>**i.** बीज<br>**ii.** शब्द<br>**iii.** क्षण<br>**iv.** खेत | 1 |
| (ख) | कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br><table><tr><th colspan="2">कॉलम 1</th><th colspan="2">कॉलम 2</th></tr><tr><td>I</td><td>क्षण का बीज</td><td>(1)</td><td>भावात्मक उद्वेग</td></tr><tr><td>II</td><td>अंधड़</td><td>(2)</td><td>असीमित रसास्वादन</td></tr><tr><td>III</td><td>कटाई अनंतता की</td><td>(3)</td><td>रचना विचार और अभिव्यक्ति</td></tr></table>**i.** I-(2), II-(1), III-(3)<br>**ii.** I-(1), II-(3), III-(2)<br>**iii.** I-(1), II-(2), III-(3)<br>**iv.** I-(3), II-(1), III-(2) | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित में से कविता का मर्म किसे कहा जा सकता है?<br>**i.** खेती की प्रक्रिया<br>**ii.** कवि कर्म के चरण<br>**iii.** आँधी और बीज का संबंध<br>**iv.** कागज़ और खेत की समानता | 1 |
| (घ) | निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन: कविता की कटाई अनंतत है।<br>कारण: कविता लिखे जाने के बाद पढ़ने पर सदा रस प्रदान करती है।<br>**i.** कथन सही है, कारण गलत है।<br>**ii.** कथन सही नहीं है, कारण सही है। | 1 |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

| | | |
|---|---|---|
| | **iii.** कथन तथा कारण, दोनों सही हैं, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता।<br>**iv.** कथन तथा कारण, दोनों सही हैं, कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| (ङ) | कवि के अनुसार उसका कागज़ का पन्ना - रस का अक्षय पात्र क्यों है?<br>**i.** यह चिरकाल तक आनंद देता है<br>**ii.** यह कभी नष्ट नहीं होता<br>**iii.** इसमें अमृत है<br>**iv.** यह अलौकिक है | 1 |
| **7.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **02x03 = 06** |
| (क) | आत्मपरिचय कविता में कवि एक ओर जग-जीवन का भार लिए घूमने की बात करता है और दूसरी ओर मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ- विपरीत से लगते इन कथनों पर आपका क्या मत है? | 3 |
| (ख) | सावन और भादो के महीने बीत जाने के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने पतंग कविता में बताए हैं, उनका वर्णन अपने शब्दों में करें। | 3 |
| (ग) | कविता के बहाने पाठ में कवि के अनुसार 'बिना मुरझाए महकने के माने क्या होते हैं? | 3 |
| **8.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **02x02 = 04** |
| (क) | "हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे"- कविता- कैमरे में बंद अपाहिज की प्रस्तुत पंक्ति में कवि ने क्या व्यंग्य किया है? | 2 |
| (ख) | उषा कविता के प्रस्तुत काव्यांश का भाव-सौंदर्य बताइए- "बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो।" | 2 |
| (ग) | लक्ष्मण मूर्छित थे और संपूर्ण वातावरण में शोक छाया हुआ था। तब हनुमान का आना करुण रस में वीर रस के आने जैसा क्यों प्रतीत होता है? लक्ष्मण-मूर्छा और राम का विलाप कविता के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| | | |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

| | | |
|---|---|---|
| **9.** | **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :-** | **05x01=05** |
| | जाति-प्रथा के पोषक जीवन, शारीरिक-सुरक्षा तथा संपत्ति के अधिकार की स्वतंत्रता को तो स्वीकार कर लेंगे, परंतु मनुष्य के सक्षम एवं प्रभावशाली प्रयोग की स्वतंत्रता देने के लिए जल्दी तैयार नहीं होंगे, क्योंकि इस प्रकार की स्वतंत्रता का अर्थ होगा अपना व्यवसाय चुनने की स्वतंत्रता किसी को नहीं है, तो उसका अर्थ उसे 'दासता' में जकड़कर रखना होगा, क्योंकि 'दासता' केवल कानूनी पराधीनता को नहीं कहा जा सकता। 'दासता' में वह स्थिति भी सम्मिलित है जिससे कुछ व्यक्तियों को दूसरे लोगों के द्वारा निर्धारित व्यवहार एवं कर्तव्यों का पालन करने के लिए विवश होना पड़ता है। यह स्थिति कानूनी पराधीनता न होने पर भी पाई जा सकती है। उदाहरणार्थ, जाति-प्रथा की तरह ऐसे वर्ग होना संभव है, जहाँ कुछ लोगों की अपनी इच्छा के विरुद्ध पेशे अपनाने पड़ते हैं। | |
| (क) | लेखक के अनुसार जाति-प्रथा के समर्थक किस अधिकार को देने के लिए राजी नहीं होंगे?<br>**i.** जीवन जीने का अधिकार<br>**ii.** शारीरिक सुरक्षा<br>**iii.** संपत्ति का अधिकार<br>**iv.** व्यवसाय का चयन | 1 |
| (ख) | दासता में कौन-सी अवधारणा समिल्लित नहीं है? सही विकल्प का चयन कीजिए:-<br>**i.** स्वाधीनता के साथ जीना<br>**ii.** कानूनी पराधीनता का होना<br>**iii.** इच्छा के विरुद्ध कार्य करना<br>**iv.** दूसरों द्वारा निश्चित कार्य करना | 1 |
| (ग) | मनुष्य के प्रभावशाली प्रयोग से लेखक का क्या तात्पर्य है?<br>**i.** दैहिक स्वतंत्रता प्रदान करना<br>**ii.** शारीरिक-सुरक्षा तथा संपत्ति का अधिकार<br>**iii.** अपनी इच्छा से कार्य करने की स्वतंत्रता | 1 |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

LS

| | | |
|---|---|---|
| | **iv.** अपनी इच्छा से जाति के चयन का अधिकार | |
| (घ) | जीवन, शारीरिक-सुरक्षा तथा संपत्ति के अधिकार की स्वतंत्रता पर किसी को कोई आपत्ति क्यों नहीं है?<br>**i.** इन अधिकारों को देने के बाद भी दासता की प्रक्रिया बनी रहती है<br>**ii.** क्योंकि स्वतंत्रता सभी को जाति विरोधी नहीं लगती है<br>**iii.** क्योंकि जाति-प्रथा के पोषकों को स्वतंत्र और सुरक्षित रहना प्रिय है<br>**iv.** इसके पश्चात् समाज में दासता को कानूनी मान्यता दी जा सकती है | 1 |
| (ङ) | जाति-प्रथा के पोषक से लेखक का क्या आशय है?<br>**i.** जाति के चयन को बढ़ावा देने वाले<br>**ii.** जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने वाले<br>**iii.** जातिगत भेदभाव के व्यवहार को तिलांजलि देने वाले<br>**iv.** जाति को कानूनी मान्यता देने वाले | 1 |
| **10.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **02x03 = 06** |
| (क) | जाति-प्रथा को श्रम-विभाजन का आधार क्यों नहीं माना जा सकता? पाठ से उदाहरण देकर समझाइए। | 3 |
| (ख) | आशय स्पष्ट कीजिए - "बाज़ार किसी का लिंग, जाति, धर्म या क्षेत्र नहीं देखता, वह देखता है सिर्फ उसकी क्रय शक्ति को। इस तरह वह एक प्रकार से सामाजिक समता की भी रचना कर रहा है।" | 3 |
| (ग) | ढोलक की आवाज़ का गाँव के निवासियों पर क्या प्रभाव पड़ता था? पहलवान की ढोलक पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| **11.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **02x02 = 04** |
| (क) | जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया? काले मेघा पानी दे पाठ के आधार पर स्पष्ट करें। | 2 |
| (ख) | महादेवी जी भक्तिन के आने जाने से अधिक देहाती कैसे हो गईं? | 2 |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

Learnosphere

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | अवधूत से क्या अभिप्राय है? शिरीष के फूल पाठ के आधार पर स्पष्ट करें कि शिरीष कालजयी अवधूत कैसे है? | 2 |
| | | |
| **12.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **02x05=10** |
| (क) | समय के साथ यशोधर बाबू की पत्नी स्वयं को ढाल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों हुआ होगा? कहानी सिल्वर वैडिंग के आधार पर तार्किक टिप्पणी करें। | 5 |
| (ख) | जूझ कहानी के आधार पर तर्क सहित उत्तर दें कि पढ़ाई-लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ता जी राव का रवैया सही था या लेखक के पिता का? | 5 |
| (ग) | पुरातत्व के किन चिहनों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि-"सिंधु-सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी?" अतीत में दबे पाँव पाठ के अनुसार स्पष्ट करें। | 5 |
| | **--x----x----x----x--** | |

**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।*

www.learnosphere.in